Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 ◘ अंक- 284 ◘ रायपुर, शुक्रवार 8 नवम्बर 2024 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

जम्मू-कश्मीर विस में आज भी हंगामा, हाथापाई के बीच मार्शल ने खुर्शीद शेख को खींचकर बाहर निकाला

प्रस्ताव पर भड़के मोदी-शाह, कहा- कोई ताकत धारा 370 को वापस नहीं ला सकती

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पांचवें दिन यानी आज (8 नवंबर) को भी हंगामे की स्थिति बन गई. सदन में शुक्रवार को अनुच्छेद 370 बहाली प्रस्ताव पर एक बार फिर जोरदार हंगामा हुआ. मार्शल ने इंजीनियर राशिद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद शेख को खींच कर बाहर निकाला.

दरअसल, सदन में बीजेपी लगातार आर्टिकल 370 के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव का विरोध कर रही है. आज हंगामा शुरू होने के बाद पीडीपी के खिलाफ नारे लगाए गए. सत्र शुरू होते ही बीजेपी विधायक खड़े हो गए और पीडीपी और स्पीकर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे.

इधर जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को लेकर पारित किये गये प्रस्ताव पर राज्य विधानसभा में तो आज लगातार तीसरे दिन हंगामा देखने को मिला ही साथ ही यह मुद्दा अब राष्ट्रीय राजनीति का भी विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित प्रस्ताव की आलोचना करते हुए विपक्षी इंडिया गठबंधन को जोरदार तरीके से घेरा है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आज महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर थे। दोनों ही नेताओं ने अपनी सभाओं के माध्यम से अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाते हुए देश को विश्वास दिलाया कि अब कोई ताकत इसे वापस नहीं लौटा सकती है। महाराष्ट्र के धुले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जैसे ही कांग्रेस और डुड्डड्डु गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दीं। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले उन्होंने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया... क्या देश यह स्वीकार करेगा? उन्होंने कहा कि अब कोई ताकत अनुच्छेद 370 को जम्मू-कश्मीर में वापस नहीं ला सकती है।

राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

रायपुर, 8 नवम्बर (हाईवे चैनल)। सभी राजनैतिक दलों, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने जरूरी निर्देश भी जारी किए है।

प्रकाशन तिथि से तीन दिन पहले एमसीएमसी को देना होगा आवेदन

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन में 13 नवम्बर बुधवार को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 12 व 13 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को राज्य स्तर या जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य स्तर पर एक राज्य स्तरीय एमसीएमसी कमेटी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित की गई है, राज्य स्तरीय कमेटी में राजनीतिक दलों द्वारा प्रकाशित कराये जाने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराया जा सकता है, इसके साथ ही हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। विधानसभा उप निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से 3 दिन पहले तक विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। मीडिया में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापन का समिति द्वारा प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है। इन विज्ञापनों में प्रिंट मीडिया, टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम सहित), सिनेमा घर, ई-समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम शामिल है।

ब्रेकिंग न्यूज

पेंशनर्स 31 दिसंबर तक नहीं कराया जरूरी काम तो रुक जाएगी पेंशन!

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। सभी पेंशनर्स के लिए वार्षिक भौतिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। यदि पेंशनर्स इस तिथि तक सत्यापन नहीं कराते, तो उनकी पेंशन अस्थायी रूप से बंद हो सकती है। पेंशनर्स अपने भौतिक सत्यापन के लिए ई-मित्र कियोस्क, अटल सेवा केंद्र, या ई-मित्र प्लस केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक (अंगुली की छाप) के जरिए सत्यापन करवा सकते हैं। अगर कोई पेंशनर बायोमेट्रिक से सत्यापन कराने में असमर्थ है, तो उनका सत्यापन आइरिस स्कैन या एंड्रॉइड मोबाइल ऐप पर फेस रिकॉग्निशन के माध्यम से भी किया जा सकता है। अगर पेंशनर का इन सभी तरीकों से सत्यापन नहीं होता है, तो वे पेंशन स्वीकृति अधिकारी के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं।

योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' से अजित पवार ने बनाई दूरी

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में अपना नारा 'बटेंगे तो काटेंगे' दोहराने के एक दिन बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख अजित पवार ने कहा कि राज्य के लोग ऐसी टिप्पणियों की सराहना नहीं करते हैं। इस कदम को महायुति की प्रमुख सहयोगी राकांपा द्वारा चुनाव अभियान में अपने नेताओं द्वारा इस्तेमाल किए गए नारे को लेकर भाजपा से दूरी बनाने के तौर पर देखा जा रहा है।

योगी की टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री पवार ने पुणे में कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है। पवार ने कहा कि किसी को भी महाराष्ट्र की तुलना दूसरे राज्यों से नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाहर से कुछ लोग यहां आते हैं और बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक विभाजन स्वीकार नहीं किया है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र में 'मनसे' (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) भाजपा के साथ दिखाई दे रही है।

चुहिया- हां जी, लेकिन 'मनसे' अभी मन से नहीं है...!

भारत को महान देश और वैश्विक महाशक्ति कहा जाना चाहिए : पुतिन

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत और रूस में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पुतिन ने भारत को महान देश बताया और कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की और इसकी विशालता को ध्यान में रखते हुए इसे वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। पुतिन ने रूस के सोची शहर में वालदाई डिस्कशन क्लब नामक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कही।

पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश हैं। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। रूस और भारत के बीच सहयोग हर साल बढ़ रहा है। पुतिन ने सोवियत संघ के समय से भारत के साथ रूस के रिश्तों पर बात की और दोनों देशों के रिश्तों को बेहद खास बताया। पुतिन ने कहा कि सोवियत संघ ने भारत की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। पुतिन ने कहा कि भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। यह डेढ़ अरब लोगों का देश है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसकी संस्कृति बेहद प्राचीन है और इसमें भविष्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

आतंकियों ने की विलेज डिफेंस ग्रुप के दो सदस्यों की हत्या, विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों द्वारा दो ग्राम रक्षा रक्षकों की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के विभिन्न इलाकों में लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय आबादी के बीच विश्वास बहाल करने के लिए हत्याओं में शामिल आतंकवादियों के तत्काल खात्मे की मांग की। सैकड़ों लोग जिले के द्रबशल्ला इलाके में एकत्र हुए, उन्होंने टायर जलाए और सड़कें अवरुद्ध कर दीं। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ नारे लगाए और भारत माता की जय के नारे लगाए।

वीडीजी की पहचान कुलदीप कुमार और नज़ीर के रूप में की गई। कश्मीर टाइगर्स आतंकवादी संगठन ने उनकी हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्टि की कि आतंकवादी संगठन द्वारा उनकी तस्वीरें जारी करने से पहले, दिन में दोनों वीडीजी के लापता होने की सूचना दी गई थी। पुलिस और सुरक्षा बल इलाके में पहुंच गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले कई महीनों से आतंकवादी गतिविधियां देखी जा रही हैं, हाल के विधानसभा चुनावों के दौरान, क्षेत्र में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कम से कम दो मौकों पर गोलीबारी हुई थी।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ''वीडीजी सदस्यों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है।''

महाराष्ट्र में बनेगी महायुति की सरकार : मोदी

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में अब चुनाव प्रचार तेज होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धुले में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। उन्होंने कहा कि मैंने आपसे महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने महाराष्ट्र में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर भाजपा को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि ये जनसमूह, ये उत्साह, ये उमंग वाकई अभिभूत कर देते हैं। हम सभी को, भाजपा को महायुति को, महायुति के एक-एक उम्मीदवार को आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले 2.5 वर्षों में महाराष्ट्र के विकास को जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जो सुशासन चाहिए, वो सिर्फ महायुति की सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ देखिए, महाअघाड़ी की गाड़ी में वैसे भी न पहिए हैं, न ब्रेक हैं और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए भी झगड़ा हो रहा है।

बारहवीं की छात्रा हुई प्रेग्नेंट, होस्टल में मचा हड़कंप

सुकमा, 8 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जिले के एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में पढ़ने वाली छात्रा गर्भवती हो गई है। छात्रा 12वीं में पढ़ाई करती है और दशहरा व दीपावली की छुट्टी पर घर गई थी। जब लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई। जानकारी के मुताबिक, अक्टूबर में दशहरा और दिवाली की छुट्टी में छात्रा अपने घर गई थी। 5 नवंबर को जब वो एकलव्य हॉस्टल लौटी तो उसका मेडिकल करवाया गया। रिपोर्ट में पॉजिटिव पाई गई, जिसके बाद हॉस्टल में हड़कंप मच गया। छात्रावास की अधीक्षिका ने उसे वापस अपने घर भेज दिया है। दरअसल, हॉस्टल में नियम है कि अगर कोई छात्रा लंबे समय तक छुट्टी पर रहती है तो लौटने पर उसका अनिवार्य रूप से मेडिकल कराया जाता है। इसी के तहत छात्रा का मेडिकल कराया गया था। फिलहाल, छात्रा कैसे गर्भवती हुई इसकी जांच की जा रही है। इस मामले में अफसरों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला है क्या जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज, फर्जी खबर फैलाने का है आरोप

नई दिल्ली, 8 नवम्बर (न्यूज चैनल)। हावेरी जिले में एक किसान की आत्महत्या के संबंध में कथित तौर पर फर्जी खबर फैलाने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी के सांसद तेजस्वी सूर्या और कई कन्नड़ समाचार पोर्टलों के संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सांसद द्वारा सोशल मीडिया पर मौत को वक्फ बोर्ड से जुड़े भूमि विवाद से जोड़कर एक पोस्ट साझा करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है, जिसे बाद में स्थानीय अधिकारियों ने खारिज कर दिया था।

7 नवंबर को, बेंगलुरु साउथ का प्रतिनिधित्व करने वाले तेजस्वी सूर्या ने प्लेटफॉर्म एक्स पर कन्नड़ समाचार पोर्टलों का एक लेख साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि एक किसान, रुद्रप्पा चन्नप्पा बालिकाई, की आत्महत्या से मृत्यु हो गई, जब उसे पता चला कि उसकी जमीन वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर ली है। सूर्या ने इस मौके का फायदा उठाते हुए राज्य सरकार के अल्पसंख्यक मामलों से निपटने के तरीके की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि प्रशासन की कार्रवाइयां कर्नाटक में अशांति पैदा कर रही हैं। बाद में यह पता चलने के बाद कि दावे निराधार थे, पोस्ट हटा दी गई। हावेरी जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने स्पष्ट किया कि रुद्रप्पा चन्नप्पा बालिकाई की आत्महत्या 6 जनवरी, 2022 को हुई थी, लेकिन इसका वक्फ बोर्ड के किसी भूमि विवाद से कोई संबंध नहीं था। एसपी ने पुष्टि की कि आत्महत्या का कारण फसल के नुकसान और बकाया ऋण के कारण वित्तीय दबाव था। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 174 के तहत एक अंतिम रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी थी, और मामले में कोई नई जांच नहीं हुई थी।

छठ महापर्व : महादेव घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़, उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

रायपुर, 8 नवम्बर (हाईवे चैनल)। देशभर के साथ छत्तीसगढ़ में भी छठ महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। पर्व के चौथे और समापन के दिन व्रतियां सूर्योदय होने से पहले ही घाट और तालाबों में एकत्र हुई। सभी ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की । इसके बाद छठी मैया की पूजा और प्रसाद वितरण के साथ ही छठ महापर्व का समापन हुआ। सूर्य देवता और छठी मैया के पूजन के लिए श्रद्धालुओं ने गन्ने और फल चढ़ाए और उत्तर भारत में प्रचलित खास व्यंजन ठेकुआ भी अर्पित किया। आयोजन में शामिल होने बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक घाट में नजर आए। पूजन में शामिल होने और प्रसाद पाने सुबह से घाटों पर भक्तों का तांता लगा रहा। रायपुर के महादेव घाट पर महिलाएं कमर भर पानी में घंटों खड़ीं रहकर उगते सूर्य को अर्घ्य देती नजर आई ।

वहीं रायपुर के समता कॉलोनी स्थित आमातालाब छठ घाट में शुक्रवार को सुबह विश्वकर्मा महिला मंडल दुलार धर्म शाला की महिलाओं ने पूजा के लिए बनाए गए घाटों में जल में उतरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं की। इसके साथ ही 36 घंटे तक चले महाव्रत का पारायण भी किया।

छठी मइया कर दें हर मुराद पूरी, घर-घर बांटे लड्डू व ठेकुआ का गीत गाते हुए शुक्रवार की सुबह समता कॉलोनी स्थित आमातालाब में बनाए गए घाटों पर व्रती महिलाएं उमड़ पड़ीं। उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने छठी मइया और सूर्य भगवान से अपनी संतानों, पति व परिवार की खुशियां मांगी। इसके बाद व्रत का पारायण किया। सुबह से ही छठ घाट में परिवार सहित महिलाएं सूर्य देवता के दर्शन कर अर्घ्य देने के लिए उपस्थित थी। शानदार भक्ति गीतों के बीच बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की।